हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 आंगनबाड़ी को मिली आरओ मशीनें बढ़ा रहीं सिर्फ शोभा



07 आज से पुलिया निर्माण कार्य का पहला चरण हुआ...



**खबर संक्षेप**

## चोरी के आरोपी को पकड़ा दूसरी चोरी की तैयारी थी



**नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), पिपरिया मोहित कुमार यादव द्वारा थाना प्रभारी स्टेशन रोड़ पिपरिया निरीक्षक आदित्य सेन के नेतृत्व में थाना स्टेशन रोड़ पिपरिया के द्वारा थाना क्षेत्र में हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। 28-29 मार्च की दरमियानी रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियो को देखकर कुछ व्यक्ति भागने लगे तो पुलिस कर्मियो द्वारा उनका पीछा कर उनको पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि हम लोग चोरी करने के उदेश्य से घूम रहे थे, पूछताछ पर अपना नाम इब्राहिम उर्फ इल्लम पिता नफीस शाह निवासी टावर मोहल्ला पिपरिया, नेतराज पिता देवेन्द्र कौरव निवासी लिलवानी गाडरवाडा, अशरफ खान निवासी पिपरिया, भरतू उर्फ भरत पिता श्रीराम कहार निवासी सिधी कालोनी गाडरवाडा का होना बताया।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही शासकीय संपत्तियां

# कमिश्नर का आदेश हुआ बे-असर अवैध कब्जा का बढ़ रहा मकड़ जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय के पॉश इलाकों और सरकारी आवासों पर अवैध कब्जों का मकड़जाल इस कदर फैल चुका है कि अब यहां न तो अदालती आदेशों का खौफ बचा है और न ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का सम्मान। ताजा मामला प्रहलाद टायर स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय के पीछे मौजूद सरकारी आवासों का है।

यहां सेवानिवृत्त कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर न केवल निवास कर रहे हैं, बल्कि सरकारी जमीन पर निजी साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। इसी तरह शहर के अनेक स्थानों पर जैसे बालागंज, ग्वालटोली, मालाखेड़ी आदि जगहों पर लोगों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे कर लिये हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन में अपना रसूख रखने वाले भी इस जमात में शामिल हो गए।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार जैन ने कहा, शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश कमिश्नर की ओर से दिए गए हैं। समय समय पर इस संबंध में कार्रवाई भी की जाती है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। शासन हित में सभी शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्यरत है।



### सड़कों पर किया अतिक्रमण

सड़कों को सिकोड़ा फुटपाथ पर वसूली का बाजार अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मुख्य मार्ग की चौड़ाई कम कर दी गई है, जिससे भारी वाहनों का निकलना दूभर हो गया है। प्रहलाद टायर और उद्यान विभाग कार्यालय के पीछे स्थित सरकारी आवास के सामने की खाली जमीन पर अवैध रूप से दुकानें और टपरिया रखकर अतिक्रमण कर लिया है।

### शासकीय आवासों में भी बनाए हैं कब्जा



जहां एक ओर लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है वहीं दूसरी ओर सरकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत हो गए कुछ की मृत्यु हो गई फिर भी उनके परिवार के लोग सरकारी आवास में डेरा डाले हुए हैं। जिसमें उद्यान उद्यान, लोक निर्माण विभाग, नहर विभाग, नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग, जल संसाधन विभाग के आवासों पर अभी भी इन आवासों पर कब्जा है ।

### लोगों की मांग, अतिक्रमण मुक्त हो शासकीय भूमि

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी कार्रवाई के लिए पहुंचते है, तो उन्हें शांत करा दिया जाता है। पिछले 10 वर्षों से यह खेल बेधड़क जारी है। सरकारी तंत्र की इस मिलीभगत के कारण करोड़ों-अरबों की बेशकीमती सरकारी जमीन निजी जागीर बनती जा रही है। कमिश्नर ने सख्त निर्देश जारी किए थे कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों से तत्काल आवास खाली कराए जाएं।

## आदिवासी विकासखंड में बिजली बिल के नाम पर फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आदिवासी विकासखंड केसला क्षेत्र में इन दिनों ठगी का एक बेहद शातिर तरीका सामने आया है जिसमें एक अज्ञात जालसाज खुद को विद्युत मंडल का लाइनमैन बताकर भोले-भाले ग्रामीणों की जेब साफ कर रहा है। सोमवार, 30 मार्च को इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### ऐसे दे रहा है ठगी को अंजाम

यह ठग बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर गांवों में घुसता है



और बिल बकाया होने या कनेक्शन काटने का डर दिखाकर अवैध वसूली करता है।

**जालीखेड़ाः** यहां कई उपभोक्ताओं से 1400-1400 की वसूली की गई। सोमवार को इस शातिर ठग ने एक ही गांव से 6000 की मोटी रकम ऐंठ ली।

### 11 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव

**नर्मदापुरम।** संयुक्त सैनी माली सामाजिक कल्याण समिति नर्मदापुरम की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के संरक्षक कुंवर सिंह सैनी, रामकृष्ण सैनी, बसंत कुमार सैनी, सुरेश कुमार सैनी एवं समिति के अध्यक्ष अजय सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में समाज के दिवंगतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद समिति अध्यक्ष अजय सैनी द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों का विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, वहीं कोषाध्यक्ष राजेश सैनी ने वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समिति के सचिव ब्रजमोहन सैनी ने बताया की बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर चर्चा हुई। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने जानकारी देते हुए बताया की बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशालि छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

## पल्लवी ने 'रिवर्स राइटिंग' में बनाया नेशनल रिकॉर्ड, 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स' में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम की धरा को गौरवान्वित करते हुए पल्लवी पारे चौकसे ने अपनी विलक्षण 'मिरर इमेज' (दर्पण लेखन) कला के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। पल्लवी ने वर्ष 2000 से निरंतर 25 वर्षों तक इस कठिन विधा में लेखन कर 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स 2026' में अपना नाम दर्ज कराया है। पल्लवी की यह यात्रा सन 2000 में शुरू हुई थी, जब उन्होंने अपने अध्ययन के दौरान नोट्स को कभी सीधे तो कभी उलटे अक्षरों में लिखना शुरू किया। उनकी इस नैसर्गिक प्रतिभा को उनके पिता अरुण पारे ने समय रहते पहचाना और इसे निखारने के लिए सदैव प्रोत्साहित किया, वहीं उनकी माता श्रीमती अलका पारे से मिले उच्च धार्मिक संस्कारों ने उनके इस लेखन को




आध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर किया। पिछले ढाई दशकों की इस लंबी और कठिन साधना में पल्लवी ने तुलसीकृत सम्पूर्ण श्रीरामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता, मधुशाला और बाइबिल जैसे महान ग्रंथों को 'रिवर्स राइटिंग' में पूरी श्रद्धा के साथ उतारा है। पल्लवी की इस अभूतपूर्व सफलता में उनके पति महेंद्र चौकसे का त्याग और समर्पण एक सुदृढ़ आधार की तरह रहा है।

## जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर स्वामी जन्म महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में सोमवार को जैन समाज द्वारा 24 वें तीर्थंकर, वीतरागी, अहिंसा व अपरिग्रह उपदेशक भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। यह आयोजन सोहागपुर जैन समाज द्वारा श्रद्धा भाव, भक्ति व उल्लास के साथ किया गया। सोहागपुर जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया।

### अन्य समुदाय का भी मिला साथ

आयोजन में जैन समाज के सभी आयु वर्गों के नागरिक सम्मिलित हुए। पर्व पर सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे जैन समाज चैत्यालय से भगवान महावीर स्वामी जी की पालकी का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में जैन समाज के नागरिकों सहित अन्य समाजों के नागरिकों ने भी सहभागिता की। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों के द्वार पर भगवान की आरती, पूजन एवं पुष्पवर्षा कर प्रभु का अभिनंदन किया गया। जिससे वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बन गया।

### लिया संकल्प

इस पावन अवसर पर चैत्यालय में प्रातः वंदन के समय एवं दोपहर में चल समारोह समापन उपरांत जैन समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने भगवान महावीर के आदर्शों के अनुकरण का संकल्प लिया। इस दौरान महावीर स्वामी के सिद्धांतों 'अहिंसा परमो धर्मः, सत्य, संयम एवं करुणा' को सभी ने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं क्षेत्रवासियों ने सोहागपुर जैन समाज को भगवान महावीर स्वामी कल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के अंत में जैन नागरिकों ने सर्वसमाज हित का संदेश दिया। संदेश है कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। स्वामी जी के बताए गए सिद्धांत वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

## खड़े ट्रक में घुसी स्कूटी, रायसेन में नर्मदापुरम निवासी पुलिस आरक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय पर बीती रविवार-सोमवार की रात 12.30 बजे रायसेन बाईपास गोपालपुर चौराहे पर खड़े एक ट्रक से स्कूटी सवार आरक्षक एवं एसपी के स्टेनोग्राफर की हुई भिड़ंत में युवा आरक्षक की घटना स्थल पर हुई मौत, स्टेनोग्राफर गंभीर रूप से हुए घायल जिन्हें भोपाल रेफर किया गया। एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे ने बताया कि बीती रविवार-सोमवार की रात करीब 12:30 बजे अपनी स्कूटी से रायसेन बाईपास गोपालपुर चौराहे से वापिस पुलिस लाइन रायसेन स्थित अपने आवास पर वापिस आ रहे, एसपी ऑफिस में पदस्थ एसपी के स्टेनोग्राफर ललित मार्को एवं युवा आरक्षक नमन मुदगल 23 वर्ष पिता स्व. दुर्गाप्रसाद मुदगल निवासी नर्मदापुरम की वहां खड़े एक ट्रक से भिड़त हो गई। जिससे स्कूटी चालाक नमन मुदगल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि स्टेनोग्राफर ललित मार्को को बुरी तरह घायल हो गए।

खबर मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे, रायसेन थाना प्रभारी सहित पुलिसबल मौके पर पहुंचा और दोनों को तत्काल लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने नमन मुदगल को मृत घोषित कर दिया, जबकि स्टेनोग्राफर ललित मार्को की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। पिता की आकस्मिक मौत के बाद उनका इकलौता पुत्र 14 वर्षीय नमन मुदगल की बाल आरक्षक के पद पर रायसेन एसपी ऑफिस में अनुकंपा नियुक्ति हुई थी ओर वो तभी से यहीं एसपी ऑफिस में पदस्थ था। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है।

## केसला पुलिस ने मोरपानी हत्याकांड का 60 घंटे में खुलासा किया, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

थाना केसला पुलिस ने ग्राम मोरपानी में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को महज 60 घंटों के भीतर सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा थोटा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी मदन पवार की टीम ने यह त्वरित कार्रवाई की।

### बीच-बचाव करना पड़ा भारी

घटना 27 मार्च की शाम की है, जब आरोपी जितेंद्र कलमे अपने साथियों शिवा, शिवनारायण और हरिओम के साथ मिलकर पुरानी



रंजिश को लेकर सुनील कलमे के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी जंगल सिंह (मृतक) बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोपियों ने "बीच में क्यों आया" कहकर जंगल सिंह पर हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी। हमलावर यह कहते हुए फरार हो गए कि "यदि सुनील को नहीं बचाता, तो तेरी जान नहीं जाती।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विवेचना के बाद चारों आरोपियों जितेंद्र कलमे 26, शिवा सिलु 19, शिवनारायण उर्फ डीजे 25 और हरिओम लविस्कर 21 को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों को न्यायालय इटारसी में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया है। इस हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी मदन पवार सहित सउनि अनंतराम लोधी एवं पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## देनवा म्यूजिकल ग्रुप ने किया रामनवमी पर गीत, गज़ल व भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के नव गायकों व वादकों को पहचान देने के लिये सोहागपुर में एक दशक से देनवा म्यूजिकल ग्रुप सक्रिय है। जिसके द्वारा त्यौहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों पर रचनात्मक आयोजन किये जाते हैं। इसी क्रम में ग्रुप ने रविवार रात पर गीत, गज़ल व भजनों का आयोजन किया है।

देनवा म्यूजिकल ग्रुप संयोजक अभय खंडेलवाल ने बताया कि नवरात्र एवं रामनवमीं पर्व के संदर्भ में देनवा लॉज में रविवार रात आठ बजे से आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसमें पहली बार वाद्ययंत्रों पर ग्रुप के साथियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान गिटार पर अभिषेक दुबे, क्लेप बॉक्स पर अनुजय दुबे, तबले पर ओजस्व साहू एवं मोनीष साहू तथा हारमोनियम पर पंडित डीके मिश्रा, पंडित बुद्धिप्रकाश शर्मा, पद्मकांत सहारिया एवं मोनीष साहू ने शानदार संगत दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. डीके मिश्रा ने श्री गणेश वंदना गाकर किया। जिसके बाद वाद्ययंत्रों के साथ डॉ. सोमेश सिटोके, पं. डीके मिश्रा, पं.




बुद्धिप्रकाश शर्मा, अभय खंडेलवाल, राजेश दुबे, पद्मकांत सहारिया, सौरभ सोनी, मोनीष साहू, डॉ. पंकज साहू, नीलेश नेवे एवं अमित बिल्लौरे ने गीत, गज़ल तथा भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

रात लगभग 12 बजे आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अतिथि व श्रोता रूप में डॉ. सोमेश सिटोके, धनराज तिवारी, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, संजय दीक्षित, अशोक चौरसिया, दीपक साहू, मुन्ना मालवीय, रोहित ब्रम्हवंशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित बिल्लौरे ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक अभय खंडेलवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कायस्थ समाज के सदस्यों ने नर्मदा घाट पर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के पावन तटों को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा एक अनुकरणीय पहल की जा रही है। समाज की इस शक्ति द्वारा प्रत्येक रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।अभियान के दौरान नर्मदा सेवकों ने नर्मदा तट और जल के किनारे से फूल-मालाएं, पुरानी पूजन सामग्री और अन्य अपशिष्ट निकालकर उन्हें डस्टबिन (कूड़ेदान) में डाला।

इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, अध्यक्ष ज्योति वर्मा, समाजसेवी सुमन वर्मा, सीबी खरे, केशव वर्मा, विजय वर्मा, अशोक



वर्मा, प्रीति खरे, लालता प्रसाद, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, रश्मि सक्सेना मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी विजय वर्मा ने कहा, समाज का यह अभियान हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मां नर्मदा हम सबकी जीवनदायिनी हैं और यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने प्रसिद्ध सेठानी घाट और चित्रगुप्त घाट की सुंदरता को अक्षुण्ण रखें।

### शहर में मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव, आयोजन हुए

## हजारों वाहनों के साथ रैली निकाली, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा शहर, जगह-जगह समारोह का स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का उत्साह चरम पर है। सोमवार को श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति के तत्वावधान में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। सेवादार मुकेश मिहानी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने शामिल होकर इसे ऐतिहासिक भव्यता प्रदान की।

### महाराष्ट्रीयन वेशभूषा और भगवा ध्वजों का आकर्षण

रैली का विशेष आकर्षण महिलाओं द्वारा धारण की गई पारंपरिक महाराष्ट्रीयन संस्कृति की वेशभूषा रही। हाथों में भगवा ध्वज और केसरिया वस्त्रों में सजे युवक-युवतियों ने जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के साथ पूरे शहर का

भ्रमण किया। प्रातः 09:30 बजे श्री स्वप्नेश्वर




हनुमान धाम मंदिर से शुरू हुई यह रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर पर रैली का सफल समापन हुआ।

### यह रहेंगे आगामी कार्यक्रम

हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत 01 अप्रैल बुधवार शाम 04 बजे श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 02 अप्रैल गुरुवार दोपहर 01 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के महेंद्र तिवारी ने नागरिकों से आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## भगवान महावीर की जयंती पर निकली पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में सोमवार को जैन समाज द्वारा 24वें तीर्थंकर, वीतरागी, अहिंसा एवं अपरिग्रह के उपदेशक भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्म कल्याणक महोत्सव को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

प्रातःकाल छोटे दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा (पालकी यात्रा) निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी में विराजमान प्रभु की मनोहारी प्रतिमा के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जैन समाज के साथ-साथ नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अहिंसा, अनेकांत एवं अपरिग्रह के संदेश को आत्मसात किया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा



अपने-अपने घरों के द्वार पर भगवान की आरती, पूजन एवं पुष्पवर्षा कर प्रभु का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने संदेश दिया कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है, और उनके बताए सिद्धांत वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

**खबर संक्षेप**

### नगर परिषद में चार एल्डरमेन नियुक्त



**माखननगर।** माखन नगर मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर परिषद माखन नगर में चार एल्डरमैन हरि वर्मा अरविंद हरने (मनु) राजेश टावरी सत्यनारायण पुरोहित को नियुक्त किया है। राजेश टावरी सत्यनारायण पुरोहित वार्ड नंबर 04 अरविंद हरने वार्ड नंबर 8 एवं हरि वर्मा वार्ड नंबर 7 को चयन किया है। चारों नियुक्ति विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर की गई है। नवनियुक्त एल्डरमैन की नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पिपरिया में 6 एल्डरमैन का हुआ चयन

**पिपरिया।** पिपरिया के राजीव गांधी बार्ड से अरुणा जोशी पार्षद हैं। लेकिन एल्डरमैन के रूप में सक्रिय महिला कार्यकर्ता सुनीता संदीप उदेनिया को नियुक्त किया गया है। वी वी गिरी वार्ड में पार्षद अभिषेक दुबे है। उदय दुबे को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं लखन आनंदानी इंदिरा गांधी बार्ड से एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। जबकि नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भी इंदिरा गांधी बार्ड से ही है। सरदार बार्ड से नागेश शुक्ला को एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं।नीरज साहु अशोक बार्ड से एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं।राजेश जायसवाल को नेहरू बार्ड में नियुक्त किए गए हैं।

### शहर की सबसे व्यस्ततम मार्ग को व्यवस्थित करने की कवायद हुई शुरू

# आज से पुलिया निर्माण कार्य का पहला चरण हुआ शुरू, ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

**स्टेशन से ठंडी पुलिया तक सड़क निर्माण का पहला चरण आज से शुरू किया जा रहा है। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट को लेकर सोमवार को जेड आर यू सीसी सदस्य श्री राजपूत ने प्रशासन और रेलवे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण कर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पर सहमति बनाई।**




हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल स्टेशन से ठंडी पुलिया तक सड़क निर्माण का पहला चरण आज से शुरू किया जा रहा है। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट को लेकर सोमवार को जेड आर यू सीसी सदस्य श्री राजपूत ने प्रशासन और रेलवे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण कर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पर सहमति बनाई, जिसके बाद काम प्रारंभ करने का रास्ता साफ हो गया है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा, रेलवे के आईओडब्ल्यू हीरामन जी, जिला सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल, पार्थ राजपूत सहित आरपीएफ स्टाफ व अन्य अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक रूट तय किए। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी से उपस्थित संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त संसाधन लगाकर समय सीमा में उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए।

**भूमिपूजन के बाद अटका था कामः**


नए यार्ड रोड के निर्माण के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने 18 फरवरी को भूमिपूजन किया था। इसके बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हो सका था। देरी की मुख्य वजह ट्रैफिक और रूट डायवर्जन को लेकर रेलवे और प्रशासन के बीच अनुमति प्रक्रिया लंबित होना रही।

**अब तय हुआ डायवर्जन प्लानः**

सोमवार को संयुक्त निरीक्षण के बाद सभी संबंधित विभागों ने ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पर सहमति जताई। इसके तहत निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन रूट का पालन करें और सहयोग बनाए रखें, जिससे निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके।

### सांसद ने सड़क निर्माण के लिए दिए 4 लाख

**इटारसी।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शहर के वार्ड 19, विश्वकर्मा नगर के विकास के लिए अपनी सांसद निधि से 4,00,000 रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर से एक्सीलेंट मैरिज गार्डन की ओर जाने वाले मार्ग का सीसी निर्माण कराया जाएगा। जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी राजा तिवारी ने बताया कि एक्सीलेंट मैरिज गार्डन से लेकर स्वप्नेश्वर मंदिर तक की सड़क की स्थिति को देखते हुए सांसद माया नारोलिया ने यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की है। इस फंड की उपलब्धता के बाद अब जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू होगा। सड़क बनने से स्थानीय निवासियों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।



## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर प्राथमिकी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

सार्वजनिक स्थान पर रास्ते को अवरुद्ध कर शासकीय भूमि पर कबाड़ सामग्री रख अतिक्रमण करने के मामले में सोहागपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर नप सीएमओ के कार्यालय से 28 मार्च 2026 को जारी पत्र के पालन में संजय परसाई नगर परिषद सोहागपुर द्वारा लुखमान खान पिता रहमान खान निवासी राजेंद्र वार्ड सोहागपुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके अनुसार पलकमती नदी के पास मातापुरा वार्ड में शासकीय भूमि पर लुखमान के द्वारा शासकीय भूमि पर कबाड़ा सामग्री अधिक मात्रा में रखकर अतिक्रमण किया गया है। जिससे शासकीय आम रास्ता अवरुद्ध हो जाने से आमजनों को आने-जाने में असुविधा होती है। पूर्व में भी लुखमान को नोटिस दिया गया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटा। कबाड़ सामग्री से कभी भी कोई दुर्घटना अथवा जनहानि होने की संभावना है।

कबाड़ में कभी भी आगजनी की घटना भी हो सकती है। इस आशय की रिपोर्ट पर लुखमान खान के विरुद्ध धारा 329 (3), 285 भादंस 2023 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सहायक उप निरीक्षक गणेश राय ने बताया कि इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का प्रतिवेदन भी राजस्व विभाग सोहागपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### अनुसूचित जाति वर्ग के किसी जनप्रतिनिधि को नगरपालिका में ना लेने पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

**पिपरिया।** नपा परिषद में पार्षद से लेकर विधायक प्रतिनिधि सांसद. प्रतिनिधि यहां तक कि एल्डरमैन नियुक्त नहीं किए गए हैं। इस बात को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने भाजपा को घेरते हुए प्रेस नोट जारी किया है। कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में 6 एल्डरमैन नियुक्त किए हैं। जिनमें अनुसूचित जाति वर्ग के किसी व्यक्ति को स्थान ना देना ही अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाक कांग्रेस ने भाजपा के इस निर्णय की निंदा की है। यह कदम सामाजिक समरसता एवं समान प्रतिनिधित्व की भावना के विपरित बताया है। अनुसूचित जाति वर्ग के आधिकारों का हनन बताया है। कांग्रेस कमेटी हमेशा सभी वर्गों को समान अवसर देने और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहीं हैं।इस भाजपा के निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। कांग्रेस का कहना है।कि एल्डरमैन नियुक्त ब्रदध को या अनुभव शील को किया जाता है।पर भाजपा ने एक सबसे कम उम्र के व्यक्ति को तथा एक महिला को नियुक्त किया गया है।जो मनमानी पूर्ण रवैया अपनाया गया है।

## गाजी खान और अंश बहुत्रा का मप्र हॉकी टीम में चयन, बिहार में खेलेंगे नेशनल चैंपियनशिप

**प्रतियोगिता का आयोजन 1 अप्रैल से 12 अप्रैल तक होगा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

खेल जगत में इटारसी का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। शहर के उभरते हुए खिलाड़ी गाजी खान और नर्मदापुरम के अंश बहुत्रा का चयन मध्य प्रदेश की सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम में हुआ है। वे आगामी 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये दोनों प्लेयर हॉकी होशंगाबाद से संबद्ध हैं।

**खिलाड़ियों ने जबलपुर ट्रायल में दिखाया था अपना दमखम**

हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोक बहादुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस टीम का चयन 19 मार्च से 20 मार्च 2026 तक जबलपुर में आयोजित चयन ट्रायल्स के आधार पर किया गया है। गाजी खान और अंश बहुत्रा ने अपने शानदार खेल कौशल के दम पर चयनित 18 खिलाडिय़ों की सूची में अपनी जगह बनाई है।




**बिहार के राजगीर में होगा आयोजन**

यह नेशनल चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रही है। प्रतियोगिता का आयोजन 01 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया जाएगा। मध्य प्रदेश की यह टीम 31 मार्च 2026 को रात 9:20 बजे राजगीर के लिए रवाना होगी। गाजी खान और अंश बहुत्रा की इस उपलब्धि पर हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी और कोच कन्हैया गुरयानी सहित स्थानीय खेल प्रेमियों और खेल संघों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## विहिप ने किया शीतल जल सेवा कार्य प्यायू का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी मालवा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर समिति सिवनी मालवा ने भगवान महावीर जयंती अवसर शीतल जल सेवा कार्य का शुभारंभ कर प्यायु का उदघाटन किया। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद नगर सेवा प्रमुख विनोद रघुवंशी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद नर सेवा नारायण सेवा के भावना से निरंतर सेवा कार्य को चलाता हे। आज महावीर जयंती अवसर पर विश्व हिंदू परिषद नगर समिति सिवनी मालवा द्वारा स्थानीय जय स्तंभ चौक पर शीतल जल सेवा कार्य प्यायु के शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथि पूज्य आचार्य पुनीत दुबे पूज्य पुरोहित घनश्याम तिवारी विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन भाजपा पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह यूईके समाजसेवी सुनील कलवानी आदि मौजूद रहे।

## भगवान महावीर जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, निकली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ माखननगर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर जयंती महोत्सव बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातः 7:30 बजे श्रीजी की भव्य विमान शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भक्तिपूर्वक एवं उत्साह के साथ सहभागिता की।

शोभायात्रा श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मंगलवारा से प्रारंभ होकर श्री तरण तरण जैन चेत्यालय शनिचरा बाजार पहुंची वहां पूजन आरती के उपरांत नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।





इस अवसर पर सकल जैन समाज, मारवाड़ी समाज, लायंस क्लब एवं योग साधना शिविर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शोभायात्रा के पश्चात मंदिर में कलशाभिषेक, शांतिधारा एवं भगवान महावीर की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रभावना वितरित की गई। सायंकाल 7:00 बजे आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर भगवान महावीर के उपदेशों को स्मरण करते हुए बताया गया कि "अहिंसा परमो धर्मः" का संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और आत्मसंयम का मार्ग दिखाकर मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा दी।

### कृषि विभाग का बनखेड़ी में हुआ प्रशिक्षण

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र एवं बनखेड़ी विकास खण्ड के एक साथ जनपद पंचायत परिसर में एग्रीस्टेक पोर्टल वितरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहायक संचालक शैलेन्द्र राठौर द्वारा बताया गया कि पोर्टल पर भूमि धारी किसान,वन अधिकार पट्टा, ट्रस्ट पट्टा वाले किसान, सिकमीबाले किसान ,म्रत किसान जिनकी भूमि का नामकरण लंबित है। शारिरिक रूप से अक्षम, ब्रदध किसान , संयुक्त खाते धारक कैसे अपना एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करा सकते हैं।ई टोकन के माध्यम से खाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रशांत बान जिला केंद्र सहकारी बैंक रामसजीवन निमोदा मार्कफेड विजय ऊपराले मोनिश अवस्थी वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य रुपल राजपूत सहित अन्य शामिल हुए।

## भगवान महावीर के जन्मकल्याणक पर पालकी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

अहिंसा के अवतार, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव इटारसी नगर में अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सकल जैन समाज द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में समूचा नगर जियो और जीने दो के जयघोष से गुंजायमान रहा। 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को नमन करते हुए एवं 108 आचार्यश्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता और भक्ति का अनूठा उदाहरण पेश किया।

**भव्य पालकी यात्रा और धार्मिक अनुष्ठान**

महोत्सव के मुख्य दिन, सोमवार प्रातःकाल सभी जिनालयों में अभिषेक एवं शांतिधारा पाठ के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे श्री नेमिनाथ मंदिर, श्री पाश्र्वनाथ मंदिर एवं श्री चैत्यालय से विमान पालकी शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित पालकी में विराजमान प्रभु की मनोहारी छवि के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगरवासियों ने द्वारों पर मंगल आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर भगवान का अभिनंदन किया। पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं पारंपरिक पीले वस्त्रों में मंगल गान करते हुए चल रही थीं।




**सेवा और समर्पण के विविध कार्यक्रम**

महोत्सव के दौरान सेवा कार्यों पर भी विशेष जोर दिया गया। न्यास कॉलोनी स्थित श्री महावीर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रीमती कुसुम देवी जैन दिल्ली के सौजन्य से पात्र भावना का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**निशुल्क भोजन वितरण :**

दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक पर आमजन के लिए निशुल्क भोजन वितरण किया गया।

**सांस्कृतिक संध्या :**

रविवार की शाम श्री महावीर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया इसमें समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। साथ ही नवनिर्मित मंच और स्कूल ऑफिस का लोकार्पण भी किया गया। सकल जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन और पदाधिकारियों ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन का उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों—अनेकांतवाद, अपरिग्रह और करुणा—को जन-जन तक पहुंचाना है।

## उपासना उपरांत किया जा रहा ज्वारों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोहागपुर

सोहागपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सनातन परिवारों द्वारा एवं सार्वजनिक समितियों द्वारा जवारों की स्थापना चैत्र नवरात्र में की गई थी। नवमीं तिथि उपरांत लगातार जवारों का विसर्जन जारी है। सोमवार को भी शहर के अलग-अलग वार्डों में स्थापित जवारों के विसर्जन की यात्राएं मुख्य बाजार क्षेत्र में निकाली गई। सभी यात्राएं माता खेड़ापति मंदिर मातापुरा तक जवारों सहित को ले जाई गईं।

## वार्ड 5 में गूंजीं जन-समस्याएं युकां ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटासी

पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का 'वार्ड-वार्ड चलो अभियान' पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 5 पहुँचा। यहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आमजन की समस्याएं सुनीं और शिकायत पत्र के माध्यम से उन्हें दर्ज किया। अभियान के दौरान मयूर जायसवाल और युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे ने आरोप लगाया कि नगरपालिका द्वारा कांग्रेस शासित वार्डों के साथ द्वेषपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। पार्षद द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद सफाई व्यवस्था बदहाल है और अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, गजानंद तिवारी, अमित गुप्ता, नेहा चावरे और पार्षद रमा चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व वार्ड वासी मौजूद थे। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो उग्र जन-आंदोलन किया जाएगा।

### बनखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति और नगर विकास प्रस्फुटन समिति बनखेड़ी ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। रेलवे स्टेशन प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में सुखवती वर्मा, ब्लॉक समन्वयक, जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जल पत्रों की पूजा अर्चन कर रिबन काटकर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने कहा, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न गवाएं, जल का संचयन करें।

**स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना बना नवनिर्मित भगवान महावीर स्वामी मंदिर**

# श्रद्धालु और पर्यटकों की आस्था का केंद्र बना नवीन मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक और धार्मिक विरासतों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब अपनी सूची में एक और भव्य अध्याय जोड़ चुका है। नगर के मध्य स्थित नवनिर्मित भगवान महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर अपनी सुंदरता और अनूठी निर्माण शैली के कारण पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**बिना लोहे के उपयोग के 'नागर शैली' में निर्माण**

इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके निर्माण में एक इंच भी लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। गुलाबी और सफेद संगमरमर से निर्मित यह मंदिर प्राचीन 'नागर शैली' का उत्कृष्ट उदाहरण है। चूड़ामणि की तरह शोभायमान इस मंदिर की नक्काशी न केवल मनमोहक है, बल्कि शिक्षाप्रद भी है। मंदिर का निर्माण वास्तु शास्त्र के नियमों को ध्यान में रखकर किया गया है और वर्तमान में भी इसके सौंदर्य को और निखारने का कार्य निरंतर जारी है।



**प्रतिष्ठा और धार्मिक पृष्ठभूमि**

उल्लेखनीय है कि विगत दिसंबर माह में पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि सुप्रभ सागर जी एवं मुनि प्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में भव्य 'पंचकल्याणक महोत्सव' का आयोजन हुआ था, जिसके बाद इस मंदिर में भगवान की प्रतिष्ठा हुई।

**महावीर जयंती पर उमड़ा जनसैलाब**

इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी की 2624वीं जन्म जयंती के अवसर पर पचमढ़ी में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह भगवान के अभिषेक और पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चातः भव्य शोभायात्राः सुबह 10 बजे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। उत्साह और भक्ति के साथ निकाली गई यह यात्रा पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

**सम्मान समारोहः** मंदिर के निर्माण में सहयोग देने वाले कर्मठ सहयोगियों और नगर के गणमान्य नागरिकों का तिलक लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

**प्रमुख सहयोगीः** मंदिर को साकार रूप देने में मुख्य रूप से गोपालदास काबरा, संजय लडवानी, पंकज जायसवाल, चाणक्य बक्शी, कमलदूत, पवन झा, गिरधर राठी सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### 2 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन

**सीहोर।** इस साल भी छावनी युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में शहर के प्रकट हनुमान मंदिर समिति बड़ा बाजार में 2 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। छावनी युवा शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शाम को आरती की जाएगी और उसके पश्चात रात्रि सात बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से भंडारे में आने की अपील की है।

### 19 को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन

**भैरूंदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत 19 अप्रैल को भैरूंदा में सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने निर्देश जारी किए। तैयारियां शुरू हो गईं। सम्मेलन जनपद पंचायत भैरूंदा परिसर में होगा। इसमें बड़ी संख्या में पात्र जोड़ों का विवाह, निकाह कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां दी हैं। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वर-वधु और उनके परिजनों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। जनपद स्तर पर आवेदन प्रक्रिया तेज की गई है। पात्र हितग्राहियों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है। अधिकारियों के अनुसार योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक सहयोग का बड़ा माध्यम है। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है।

### मां अन्नपूर्णा महाकाल भवानी खीर-पूरी आरोग्य रसोई योजना प्रारंभ

**सीहोर।** जन सहयोग सेवा समिति के तत्वाधान में मां अन्नपूर्णा महाकाल भवानी खीर-पूरी आरोग्य रसोई योजना प्रारंभ की गई है। मात्र 20 रुपए के कूपन में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में आश्रम के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि पंडित मोहितराम पाठक के मार्गदर्शन में व्यवस्थापक लक्ष्मण चौकसे के द्वारा भक्तों एवं सनातनियों के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। भोजन कूपन प्राप्त करने का समय सुबहः 10 बजे से 11 बजे तक और शामः 6 बजे से 7 बजे तक रहेगा। समिति के मूल मंत्र, सेवा भाव, राष्ट्र पहले, व्यक्ति बाद में संगठन में शक्ति है, शक्ति में भक्ति है।

'अहिंसा परमो धर्म' और 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया

# महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक दिवस उत्साह से मनाया, शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सोमवार को जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। खेड़ीपुरा स्थित जैन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में पुरुषों ने श्वेत वस्त्र और महिलाओं ने केसरिया साड़ियां पहनी थीं। श्रद्धालु भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस दौरान 'अहिंसा परमो धर्म' और 'जियो और जीने दो' जैसे नारे लगाए गए। समाज के सदस्य राजीव जैन ने बताया कि सुबह प्रभात फेरी निकाली गई थी। खेड़ीपुरा के प्राचीन जैन मंदिर से सुबह 9 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने भगवान महावीर स्वामी की आरती उतारकर उनका स्वागत किया। शोभायात्रा के समापन के बाद भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक किया गया और उन्हें पालने में झुलाया गया। शाम को दिगंबर जैन मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाएं भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

#### शोभायात्रा में सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल थीं

समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया था। समाज के सदस्यों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, भजन मंडलियां और सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल थीं, जिनमें भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों को दर्शाया गया। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा का हिस्सा बने। सुरेंद्र जैन ने यह भी बताया कि महावीर स्वामी के उपदेशों को ध्यान में रखते हुए जिले में कई स्थानों पर जल सेवा, फल वितरण जैसे सामाजिक कार्य किए गए। शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों जैसे सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का प्रचार-प्रसार करना है, जिससे धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ समाज में भाईचारे और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा मिले।



कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की

# किसानों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सोमवार को आम किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ दर्जन किसानों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम अशोक डेहरिया को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। यूनियन से जुड़े किसान सुनील गोल्या ने कहा कि हरदा जिला कृषि के क्षेत्र में प्रदेश में अग्रणी रहा है और कई पुरस्कार भी हासिल कर चुका है। इसके बावजूद किसानों की समस्याएं कम नहीं हो रही हैं, जबकि सरकार वर्ष 2026 को 'किसान सम्मान वर्ष' के रूप में मना रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि नरवाई जलाने के मामलों में निर्दोष किसानों को नोटिस देकर और गिरफ्तारी का भय दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्रवाई को तत्काल बंद करने की मांग की।

टिमरनी शाखा से जुड़े करीब 32 गांवों के किसानों को नहर में पानी छोड़े जाने के चार दिन बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई गई है। किसानों ने खिरकिया क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से हुई आगजनी के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही, रोजाना कम से कम 12 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। ज्ञापन में हरदा मंडी में गेहूं, मक्का, चना सहित अन्य फसलों के दाम कम होने पर व्यापारियों पर सख्ती की मांग की गई। साथ ही ऋण वसूली की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाने, गेहूं खरीदी जल्द शुरू करने और मूंग खरीदी की तिथि घोषित करने की मांग रखी गई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आम किसान यूनियन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# दुकानदार व ग्राहक के बेटे से मारपीट करने का एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के कुलहरदा मोहल्ले में कूलर को लेकर हुए विवाद में ग्राहक और उसके साथी ने दुकानदार व उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। बड़ी सिंधी कॉलोनी निवासी योगेंद्र खैरवानी की नारायण टाकीज के पास नीरज फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। 12 मार्च को कुलहरदा निवासी रसीद खान ने उनकी दुकान से कूलर खरीदा था। 26 मार्च को रसीद ने कूलर में खराबी की शिकायत की। मैकेनिक उपलब्ध नहीं होने पर उसे कूलर दुकान पर लाने को कहा गया। 27 मार्च को वह कूलर दुकान पर छोड़ गया। 28 मार्च शाम को रसीद कूलर लेने पहुंचा। जांच के बाद उसने मरम्मत पर सवाल उठाते हुए विवाद किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर रसीद ने दुकानदार को थप्पड़ मारा और गला दबाया। बीच-बचाव में आए पिता श्रीचंद खैरवानी से भी मारपीट की। इस दौरान उसका साथी नफीस खान भी पहुंच गया और दोनों ने हमला कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नफीस खान को गिरफ्तार कर लिया और उसका जुलूस निकाला। मामले में अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

## युवती को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारी, मौत

**हरदा।** सोमवार दोपहर को छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम नीमसराय के पास एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान आरती पिता शिवशेल मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरती अपने चाचा व्योमकेश मिश्रा के साथ हरदा आने के लिए नीमसराय गांव से निकली थी। उनके चाचा अपना मोबाइल घर पर भूल गए थे, जिसे लेने वे वापस घर गए। आरती सड़क किनारे एक पेड़ के पास बैठकर चाचा का इंतजार कर रही थी। तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में आरती के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, सिर में गंभीर चोट लगने के कारण ही उसकी जान गई। शाम को जिला अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरती अपने तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी।

# जमना जैसानी फाउंडेशन ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस और महंगी किताबों के खिलाफ आवाज उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शिक्षा के बढ़ते खर्च को लेकर अब विरोध तेज होने लगा है। जमना जैसानी फाउंडेशन ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस और महंगी किताबों के खिलाफ आवाज उठाते हुए सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने बताया कि निजी स्कूल ट्यूशन फीस के अलावा एडमिशन, वार्षिक शुल्क, एक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट के नाम पर अभिभावकों से भारी राशि वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगी किताबों का अतिरिक्त बोझ अभिभावकों पर पड़ रहा है। हर वर्ष किताबें बदलने की



परंपरा से मध्यम और सामान्य वर्ग के परिवार आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। फाउंडेशन ने मांग की है कि किताबों के दामों पर नियंत्रण लगाया जाए, हर साल किताब बदलने की परंपरा रोकी जाए और निजी स्कूलों की फीस तय करने के लिए कड़े नियम बनाए जाएं। एडमिशन, एक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट शुल्क में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ स्कूलों में बुक बैंक और सस्ती किताबों की व्यवस्था लागू करने की भी मांग की गई है। फाउंडेशन ने कहा कि शिक्षा को मुनाफे का जरिया नहीं बनाया जा सकता। समय रहते नियंत्रण नहीं हुआ तो शिक्षा केवल अमीरों तक सीमित रह जाएगी।

### लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर वितरित करेगा निशुल्क 500 पानी के सकोरे

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर लायंस क्लब सिद्धपुर ने गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए एक संवेदनशील अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत वह इस गर्मी के मौसम में शहर वसियों को 500 जल पात्र (पानी के सकोरे) वितरित करेगा। इसी कड़ी में 31 मार्च को स्थानीय कोतवाली चौराहे पर 200 जल पात्र वितरित करने के साथ साथ एक जागरूकता अभियान भी चलाएँगे। क्लब के उपाध्यक्ष ला अजय राय ने बताया कि गर्मी के दिनों में अक्सर पंछियों को भोजन पानी के परेशान होना पड़ता है इसलिए यह जन जागरूकता अभियान न केवल उन्हें राहत देने का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज को भी यह संदेश देगी कि हम सब मिलकर प्रकृति और जीव-जंतुओं की सेवा कर सकते हैं। इस अवसर पर क्लब द्वारा 200 मिट्टी के सकोरे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। कुल मिलाकर 500 सकोरे नागरिकों तक पहुँचाए जाएंगे।

# एसडीआरएफ टीम ने 36 घंटे मशक्कत की नर्मदा में दो युवकों के शव मिले

## नर्मदा से रेत निकालते समय नाव पलटने से डूब गए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील क्षेत्र के सीलकंठ नाव घाट पर नर्मदा नदी में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। रेत निकालने के दौरान नाव पलटने से डूबे दो युवकों के शव 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह बरामद किए गए। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर टीगाली घाट के किनारे दोनों शवों को खोज निकाला। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और नर्मदा तट पर मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे बिहार के पूर्णिया जिले से आए चार युवक सीलकंठ घाट पर नाव के माध्यम से रेत निकालने का काम कर रहे थे। काम खत्म कर लौटते समय अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज हवा और उफनती लहरों के बीच नाव असंतुलित होकर बीच धारा में पलट गई, जिससे चारों युवक गहरे पानी में समा गए।

हादसे में मुकेश कुमार और सोनू कुमार ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन लड्डू कुमार (24) और रंजीत कुमार (36) नदी की तेज धारा में बह गए और लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना भैरुंदा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दो दिनों तक लगातार नदी में सघन सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। तीसरे दिन रविवार सुबह टीगाली घाट के पास दोनों शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिए। टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।

शिक्षक घर-घर जाकर प्रवेश के लिए कर रहे प्रेरित

# गांव के प्राइवेट स्कूलों पर भारी पड़ रहा सरकारी स्कूल का नवाचार





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जहां एक ओर सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या घटने को लेकर चिंता जताई जाती है, वहीं सीहोर की शासकीय माध्यमिक शाला कौडिय़ाछीतू ने एक नई मिसाल पेश की है। विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और पहले आओ-पहले पाओ जैसे अनूठे नवाचार का असर है कि नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने से पहले ही कक्षा पहली में एक दर्जन से अधिक बच्चों का नामांकन हो चुका है। खास बात यह है कि इस स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के चलते गांव के तीन निजी स्कूल तक बंद हो चुके हैं।

विद्यालय के प्राचार्य संजय सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष नामांकन को गति देने के लिए शाला स्टाफ ने अपने आपसी सहयोग से एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत प्रथम 10 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कंपास बॉक्स, पानी की बोतल और दो नोटबुक दी जा रही हैं। 11 से 20 तक नामांकन में बैग, लंच बॉक्स और कंपास बॉक्स प्रदान किए जाएंगे। 21 से 30 तक नामांकन में बच्चों को स्कूल बैग प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा।

#### निजी स्कूलों से लौट रहे बच्चे

नामांकन बढ़ाने के लिए विद्यालय ने पालक संपर्क अभियान को तीन समूहों में बांटा है। पहले समूह में स्कूल स्टाफ और दूसरे में रसोइया दल घर-घर जाकर संपर्क कर रहा है। तीसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में गांव के सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उन अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं जिनके बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, ताकि उन्हें शासकीय विद्यालय की गुणवत्ता से अवगत कराया जा सके।

#### 250 विद्यार्थियों का लक्ष्य

बीते वर्ष इस विद्यालय में 184 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से 18 बच्चों ने प्राइवेट स्कूल छोडक़र यहां प्रवेश लिया था। इस वर्ष विद्यालय परिवार ने 250 विद्यार्थियों का लक्ष्य रखा है। वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही शिक्षकों ने बैठक कर आकर्षक पम्पलेट्स के माध्यम से प्रचार शुरू कर दिया था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई दे रहा है।

**इनका रहा विशेष सहयोग :** इस शैक्षणिक नामांकन अभियान को सफल बनाने में प्राचार्य संजय सक्सेना, शिक्षक शैलेन्द्र सिंह, डीके मालवीय, देवेंद्र सिंह चौहान, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर, सिद्धार्थ रघुवंशी सहित रसोइया समूह की शीला मेवाड़ा, लालता मेवाड़ा, लक्ष्मी मालवीय, सरोज मेवाड़ा और गीता मेवाड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है : मंत्री प्रहलाद पटेल

**सीहोर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधनी जनपद की ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर जनभागीदारी के माध्यम से किए जा रहे स्वच्छता सेवा कार्य का निरीक्षण किया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता और जल संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझकर अपनाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्रोतों को संरक्षित नहीं करेंगे, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि वे वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग और जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक समाज ही समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रखता है। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।